प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

06 जुलाई, गोरखपुर। गुरु पूर्णिमा और श्रावण मास के पहले सोमवार को गुरुद्वारा जटाशंकर और रोटरी क्लब युगल के तत्वाधान में गुरुद्वारा जटाशंकर,गोरखपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।जिसमें भारी संख्या में स्वःरक्तदाता बडे ही उत्साह और उल्लास के साथ सम्मिलित होकर रक्तदान के लिए अपने को समर्पित किये। इस अवसर पसर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने कहा की गुरुदक्षिणा में एकलव्य ने अंगूठा दे दिया था...

आप भी आज से रक्तदान करने का संकल्प लें और अपने गुरु का मान बढ़ाते हुए तीन माह के अंतराल पर नियमित रक्तदान कर मानव सेवा में सहयोग प्रदान करें।

सभी रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण , हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच कर रक्तदाताओ की कॉउंसलिंग ब्लड बैंक के अनुभवी के तकनीशियन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के अध्यक्ष श्री यशपाल सिंह जी ने अपना 73 वाँ रक्तदान किया । रोटरी क्लब युगल की अध्यक्ष श्रीमती सुधा मोदी ने सभी रक्तदाताओं को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया।रक्तदान शिविर में मोहित दुबे, अमन गुप्ता, श्री चंद शर्मा, राम कुमार वर्मा,सत्यप्रकाश सिंह ,अंकित भाटिया सहित पंद्रह रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र तथा भेंट स्वरुप सम्मान पत्र दिये गए। कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि का पूरा ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

FROOTI